भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 2426

गुरुवार, 13 मार्च, 2025/22 फाल्गुन,1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

काजी नररूल इस्लाम विमानपत्तन का विस्तार

2426. श्री कीर्ति आज़ाद:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर-अंडाल में काजी नजरूल इस्लाम विमानपत्तन, जिसका दक्षिण बंगाल और झारखंड के कुछ भागों के प्रवेश द्वार के रूप में सामरिक महत्व है, पर यात्री और कार्गो यातायात की बढ़ती मांग की जानकारी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का उक्त विमानपत्तन के टर्मिनल भवन, हवाई पट्टी और अन्य सुविधाओं सहित इसकी क्षमता और अवसंरचना में वृद्धि करने हेतु विस्तार-कार्य का कोई प्रस्ताव है; और
(ग) यदि हां, तो निर्धारित समय-सीमा और इसके लिए बजट के आवंटन सहित प्रस्तावित विस्तार योजना का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ग): भारत सरकार ने पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे की स्थापना के लिए बंगाल एयरोट्रोपोलिस प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (बीएपीएल) नामक एक निजी कंपनी को 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्रदान किया था। इस हवाईअड्डे का प्रचालन मई, 2015 में शुरू किया गया था। दुर्गापुर हवाईअड्डे सहित सभी हवाईअड्डों पर अवसंरचना/ सुविधाओं का स्तरोन्नयन एक सतत प्रक्रिया है, जो संबंधित हवाईअड्डा प्रचालक (इस मामले में-बीएपीएल) द्वारा वाणिज्यिक व्यवहार्यता, यातायात मांग, भूमि की उपलब्धता, परिचालन आवश्यकताओं आदि के आधार पर किया जाता है।

वर्तमान में दुर्गापुर हवाईअड्डे पर यात्री हैंडलिंग क्षमता 1.2 मिलियन यात्री प्रति वर्ष (एमपीपीए) और कार्गो हैंडलिंग क्षमता 14500 मीट्रिक टन (एमटी) है, जबकि हवाईअड्डे ने वित्त वर्ष 2023-24 में कम यातायात और कम कार्गो मांग के कारण लगभग 0.5 मिलियन यात्रियों और लगभग 500 मीट्रिक टन (एमटी) कार्गो को हैंडल किया है। इस प्रकार हवाईअड्डे में मौजूदा यात्री और कार्गो यातायात को संभालने के लिए पर्याप्त क्षमता है और इसके विस्तार की तत्काल आवश्यकता नहीं है।

*****